





## एक नजर में

### बेरोजगार सेना के मंदसौर जिलाध्यक्ष बने प्रजापति



मंदसौर। बेरोजगार सेना प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा के आदेश अनुसार दिनेश कुमार प्रजापति को मंदसौर जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया जाता है। इस पद पर आपका कार्यकाल एक वर्ष अवधी के लिये रहेगा। बेरोजगार सेना परिवार इस पद की गरिमा व सम्मान को बनाने रखते हुए बेरोजगार सेना द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निगावे एवं बेरोजगार सेना कि मजबुती में अपना पूर्ण योगदान देगें। कार्यकाल के दौरान अनुशासनहीनता एवं किसी भी तौर पर बेरोजगार सेना को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में आपको पद से मुक्त कर दिया जावेगा। बेरोजगार सेना का झंडा मंदसौर में ईमानदारी से लहराने का काम करने के निर्देष पर यह नियुक्ती जारी की गई।

### पोक्सो आरोपी शिक्षक की पैरवी से वकीलों ने किया इंकार, प्रस्ताव पारित करने की मांग



**पिपलियामण्डी।** ग्राम पिपलिया सोलकी में मासूम बच्चियों से अश्लील कृत्य के आरोपी शिक्षक की पैरवी करने से नारायणगढ़ के वकीलों ने साफ इंकार कर दिया है। अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं ने संघ अध्यक्ष को पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने और प्रस्ताव पारित करने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि 7 अगस्त 2025 को तहसील मल्हारगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलिया सोलकी में पदस्थ एक शिक्षक ने 3 और 4 वर्ष की नाबालिक बच्चियों के साथ अश्लील हरकत की। यह घटना अत्यंत दु:खद और निंदनीय है, जो न केवल समाज के सौहार्द को बिगाड़ती है बल्कि अपराधों को बढ़ावा देती है। अधिवक्ताओं ने कहा कि समाज में उचित संदेश देने और अपराधों के निवारण के उद्देश्य से अभिभाषक संघ का कोई भी सदस्य आरोपी की ओर से पैरवी नहीं करेगा। इस संबंध में संघ से प्रस्ताव पारित करने की मांग की गई है। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि अधिवक्ताओं की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। अवकाश के बाद बैठक में यह प्रस्ताव सभी सदस्यों के सामने रखा जाएगा और सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।

### गांधी सागर में जल प्रदाय योजना अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की हुई गतिविधियां




**मंदसौर।** गांधी सागर में जल प्रदाय योजना में हर घर तिरंगा व हर घर स्वच्छता के अंतर्गत अनेक गतिविधियां आयोजित। मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंदसौर द्वारा क्रियान्वित की जा रही। गांधी सागर 1 समूह जल प्रदाय योजना में सम्मिलित ग्रामों, नाटाराम, हिंगोरिया बड़ा, अरनिया चरण, खूंटी, भटाना में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग के अंतर्गत रैली, स्वच्छता शपथ, साबुन से हाथ धुलाई इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## साठखेड़ा स्कूल में साइकिल वितरण से पहले छात्रों से भरवाई गई हवा , जांच और कार्रवाई की उठी मांग

**गरोठ।। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साठखेड़ा में शुक्रवार 8 अगस्त को शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में एक गैर जिम्मेदाराना मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर में स्कूली ड्रेस पहने छात्रों को साइकिलों में हवा भरते हुए देखा जा सकता है, जिससे आमजन और अभिभावकों में नाराजगी है। इस मामले में स्कूल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।**



> हालांकि जब जिम्मेदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर मिला। अब देखना यह है कि वायरल फोटो और जनाक्रोश के बाद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। जनप्रतिनिधियों और शिक्षा अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और संबंधित शिक्षक व प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

वायरल फोटो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि शिक्षक खड़े हैं और छात्र साइकिलों में हाथ से पंप लगाकर हवा भर रहे हैं, जबकि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के आने की तैयारी चल रही थी। कई लोगों ने इसे छात्रों के साथ अनुचित व्यवहार बताते हुए स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूल को चाहिए था कि वे पहले ही पंचर वाले या किसी कर्मचारी से साइकिलें तैयार करवा लेते, लेकिन छात्रों से इस प्रकार का कार्य कराना निंदनीय है। शासन हर वर्ष स्कूलों को विभिन्न मदों में फंड उपलब्ध कराता है - जैसे मरम्मत, स्टेशनरी, पत्र-पत्रिकाओं और विकास के लिए - फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ रुपये खर्च कर साइकिलों में हवा तक नहीं भरवा सके।

सोशल मीडिया पर कई यूज़र्स ने कमेंट कर लिखा कि छात्रों से इस तरह का कार्य कराना बेहद शर्मनाक है।यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बच्चों के अधिकारों का हनन है।

वहीं इस प्रकरण पर अनुविभागीय अधिकारी राहुल चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। बीईओ से चर्चा कर जांच करवाई जाएगी।

## पिता की अर्थी को बेटी ने दिया कंधा, मुखाग्नि दी और कराया मुंडन

**पिपलियामण्डी।** कहते हैं कि बेटे की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता, लेकिन बेटियां भी बेटों से बढ़कर फर्ज निभाती हैं। ऐसा ही हृदयस्पर्शी दृश्य समीपस्थ गांव पिपलिया विश्निया में देखने को मिला, जब पिता के निधन पर 17 वर्षीय बेटी ने परंपरा की दीवारें तोड़ते हुए बेटे का कर्तव्य निभाया। गांव पिपलिया विश्निया निवासी घीसालाल सुथार पिता - जगदीश सुथार कुछ समय से अस्वस्थ थे और गुरुवार को उनका निधन हो गया। परिवार में तीन बेटियां हैं, जिनमें दो विवाहित और एक अविवाहित सिमरन है। पिता के निधन से शोकाकुल सिमरन ने यह निश्चय किया कि वह अंतिम संस्कार की सारी रस्में स्वयं निभाएगी।शवयात्रा में सिमरन ने अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया। श्मशान घाट पर उसने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार संपन्न किया। इतना ही नहीं, परंपरा अनुसार उसने मुंडन भी कराया। सिमरन का अपने पिता से गहरा लगाव था, वह उनकी हर बात मानती थी और हमेशा उनके साथ रहती थी। गांव में इस घटना की चर्चा दिनभर रही।



## श्मशान घाट बदहाल, न रास्ता न पानी - धाकड़ खेड़ी के ग्रामीणों की पीड़ा

▸ **बारिश में दाह संस्कार तक मुश्किल, पंचायत प्रशासन बेपरवाह**

**धाकड़ खेड़ी। ग्राम धाकड़ खेड़ी में श्मशान घाट की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। यहां न तो शव वाहन ले जाने योग्य रास्ता है और न ही जल की उचित व्यवस्था। नतीजतन, किसी की मृत्यु हो जाने पर अंतिम संस्कार में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।**

गांव के ही निवासी गोविंद प्रजापत ने बताया कि श्मशान घाट तक पहुंचना बहुत मुश्किल है, विशेषकर बारिश के समय। रास्ते में जल भराव, गड्ढे, झाड़ियां और कीचड़ होने से शव ले जाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। श्मशान घाट में न तो बैठने की जगह है और न ही बारिश से बचाव के लिए कोई मजबूत छाया की व्यवस्था। वहां बना छाया स्थल (शेड) भी जर्जर होकर गिरने की कगार पर है।

उन्होंने यह भी बताया कि गांव में न सड़क है और न ही पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध है। कई बार सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द श्मशान घाट के लिए पक्के रास्ते का निर्माण, जल आपूर्ति और छाया स्थल की मरम्मत की जाए, ताकि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्य में उन्हें असुविधा न हो।

**एक नजर** | घटना के बाद गांव और विद्यालय में शोक है

## सांप के काटने से छात्र की मौत, परिजनों ने लगाया अस्पताल में डॉक्टर न मिलने का आरोप

**पिपलियामण्डी। नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में 17 वर्षीय छात्र दीपक नायक की सांप के काटने से मौत हो गई। दीपक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ़ में कक्षा 11वीं कला संकाय में अध्ययनरत था। घटना के बाद गांव और विद्यालय में शोक है।**



जानकारी के अनुसार दीपक स्कूल से लौटने के बाद भैंस चराने गया था, तभी उसे सांप ने काट लिया। उसने घर आकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन पहले उसे गांव के देवनारायण मंदिर लेकर गए, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर नारायणगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। मजबूरी में वे दीपक को मंदसौर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित

> इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। नारायणगढ़ जैसा बड़ा कस्बा होने के बावजूद सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर डॉक्टर की अनुपस्थिति गंभीर सवाल खड़े करती है। आपातकालीन स्थितियों में समय पर उपचार न मिलना, खासकर सर्पदंश जैसी जानलेवा घटनाओं में, सीधे-सीधे मरीज की जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा, पर्याप्त एंटी-स्नेक वेनम और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि भविष्य में किसी परिवार को दीपक जैसी दर्दनाक स्थिति का सामना न करना पड़े।

कर दिया। दीपक के दोस्त शाहिद का कहना है कि अगर नारायणगढ़ अस्पताल में डॉक्टर मौजूद होता, तो समय पर इलाज मिल जाता और दीपक की जान बच सकती थी। इस मामले में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन बीएल रावत कहना है दीपक की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।



## विद्यार्थी को निशुल्क साइकिल वितरण

**नवभारत न्यूज**

**गुजरदा/नाहरगढ। शासकीय हाई स्कूल गुजरदा के विधार्थी को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं को शासन ने विद्यालय पहुंचने की सुविधा के लिए निशुल्क साइकिल दी है इसलिए सभी को विद्यालय नियमित और समय पर आना चाहिए।** शासकीय हाइ स्कूल गुजरदा में साइकिल वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कही ।प्राचार्य भारत सिंह मंगोलिया ने बताया कि 9 वी में अध्ययन करने वाले और बाहर गांव से आने वाले 35 विद्यार्थियों को सत्र 2025/26 के लिए प्रथम चरण में साइकिल दी जा रही है।

# नीमच

## एक नजर में

### नीमच जिले के विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित

**नीमच।** जिले के विद्यालयो मे हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत जिले के विद्यालयो मे प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। देश भक्ति के वातावरण के प्रति जागरण तथा तिरंगा प्रदर्शनी तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी का निर्माण तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा सजावट आदि गतिविधियां करवाई जाकर विद्यार्थियो को तिरंगा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने बताया, कि हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय एवं तृतीय चरण 9 से 15 अगस्त 2025 के मध्य आयोजित किया जावेगा। इसमे प्राचार्य एवं शिक्षको के द्वारा तिरंगे के संबध मे जागरूकता कार्यक्रम, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, सोशल मीडिया के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार विद्यालय मे हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रदर्शनी का प्रदर्शन, राष्ट्रीय ध्वज एवं इसके इतिहास पर व्याख्यान, तिरंगा रैली का आयोजन, तिरंगा पेन्टींग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियो द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने आदि कार्यक्रम विद्यालयो मे आयोजित किए जावेंगे।



### मुख्यमंत्री ने किया आपदा प्रभावितों से वर्चुअली संवाद, 28400 आपदा प्रभावितों को वितरित की 30 करोड़ से अधिक की राहत राशि



**नीमच।** प्रदेश में आपदा एवं संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार, सभी आपदा पीडितों के साथ खड़ी है।आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलो के आपदा पीडितों, प्रभावितों से संवाद करते हुए कही।इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रदेश के 28 हजार 400 अतिवृष्टी, बाढ़ पीडितों (फसल क्षति की राशि छोड़कर) को 30 करोड़ रूपये से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रभावितों के खाते में अंतरित की।इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री करणसिह वर्मा, प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विभिन्न जिलो में वीडियों कांफ्रेसिंग कक्ष में उपस्थित प्रभावितजनों से चर्चा करते हुए कहा, कि सरकार द्वारा पूर्व में 28 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रभावितों को प्रदान की है और आज 30 करोड़ की राशि इस तरह कुल 58 करोड़ की आर्थिक सहायता अतिवृष्टि बाढ़ आपदा पीडितों को प्रदान की गई है।उन्होने कहा, कि अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का प्रशासन द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है।

## इनरव्हील की अभिनव पहल, साड़ी से सम्मान तक कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**नीमच। सेवा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय संस्था इनरव्हील क्लब की शाखा नीमच एवं नीमच डायमंड द्वारा गृह कार्य में सहयोग करने वाली महिलाओं के सम्मान में एक अनूठा आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए हेमांगिनी त्रिवेदी एवं शिवांगी जैन ने जानकारी देते हुए प्रेस विज्ञप्ति में बताया की मंडल 304 डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के नेतृत्व में मंडल के सभी क्लबों में इन महिलाओं के लिए रैंप वॉक का आयोजन किया जा रहा है।**



> कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब नीमच एवं नीमच डायमंड दोनों क्लबो के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर संस्था द्वारा अपने-अपने क्षेत्र मे अग्रणी अनीता डबकरा एवं रिंकू राठौर को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ माधुरी चौरसिया ने किया और आभार डायमंड अध्यक्ष पूजा गर्ग ने माना।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि अनीता डबकरा रिंकू राठौर सीसीसी चेयरमैन पीडीसी संगीता जोशी क्लब अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा नीमच डायमंड अध्यक्ष पूजा गर्ग सीमा अरोड़ा एवं दिव्या जैन ने मां सरस्वती एवं ओलिवर गोल्डन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन सीमा अरोड़ा द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने प्रस्तुत किया इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संगीता जोशी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

तत्पश्चात गृह कार्य में सहयोग करने वाली 25 से अधिक प्रतिभगियों ने संगीत के साथ रैंप वॉक कर समा बांध दिया वे पूरी तरह आत्मविश्वास से परिपूर्ण थीं साथ ही उन्होंने अपना परिचय भी दिया एवं नृत्य एवं गीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई।अतिथि अनीता डबकरा एवं रिंकू राठौर ने कशमकश भरे निर्णय में प्रथम अंजलि बैरागी द्वितीय मोनिका तृतीय दीपिका एवं प्रोत्साहन अर्चना को प्रदान किया। जिन्हें नगद राशि एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया इसी के साथ सभी प्रतियोगियों को क्लब द्वारा सांत्वना पुरस्कार स्वरूप साड़ी प्रदान की।

## पाप कर्मों के त्याग बिना आत्मा की मुक्ति नहीं होती है-साध्वी गुणरंजना श्री जी महाराज साहब

**नीमच।** आधुनिक युग में हमसे भुलवश हर कदम पर हिंसा जीव हत्या हो जाती है इसलिए हमें सदैव जीव दया का पालन करते हुए पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। यदि हमारा पुण्य कर्म अधिक होंगे तो पाप कर्म की सजा कम हो सकती है।पाप कर्मों के त्याग बिना आत्मा की मुक्ति नहीं होती है। कर्मों के फल से तो भगवान महावीर स्वामी भी नहीं बच पाए हम तो फिर साधारण इंसान है। इसलिए हमें पाप कर्म करने से सदैव बचना चाहिए सदैव अच्छे पुण्य कर्म करना चाहिए।यह बात साध्वी गुणरंजना श्री जी महाराज साहब ने कहीं।

वे श्री शंखेश्वर पार्श्व पद्मावती धाम शक्ति नगर बघाना के तत्वाधान चातुर्मास कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित धर्म सभा में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि जब पुण्य कर्म उदय में आता है तो हमें सब सुख सुविधा निरंतर मिलती रहती है। लेकिन जब पाप कर्म में उदय में आते हैं तो सब कुछ होते हुए भी हम दु:खी हो जाते हैं। अनंत आत्माओं ने सिद्ध को पाया है जिसे अनंत आत्माएं कर सकती है वह कार्य कठिन नहीं है ।



## ग्राम डूंगलावदा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

▸ **विधायक श्री परिहार ने दिलाई ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ**

**नवभारत न्यूज**

**नीमच। जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता , स्वतंत्रता का उत्सव , स्वच्छता के सग विषय पर 8 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।** इसके तहत नीमच जनपद के ग्राम डुंगलावदा में शुक्रवार को विधायक नीमच श्री दिलीपसिंह परिहार की उपस्थिति में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान अंतर्गत 8 से 14 अगस्त तक ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार ने ग्रामीणों को स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधायक श्री परिहार और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम में रैली निकालकर तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। इस मौके पर जनपद पंचायत सीईओ श्री आरिफ खान, ब्लॉक समन्वयक श्री प्रवीण नाथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**एक नजर** | कृति द्वारा आयोजित विदाई समारोह में डॉ खेड़े का सम्मान, कई संस्थाएं भी सहभागी बनी

## नागरिकों ने मुझे अपनापन व स्नेह दिया, कार्यकाल सदैव याद रहेगा : डॉ . खेड़े

**नीमच। नागरिकों ने मुझे परिवार के सदस्य की तरह अपनापन व स्नेह दिया है, मुझे कभी भी महसूस नहीं हुआ कि मैं घर से दूर रहकर दायित्वों का निर्वहन कर रही हूं। नीमच का कार्यकाल सदैव याद रहेगा और मैं नीमच की उन्नति व विकास के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित रहूंगी। यह बात संयुक्त कलेक्टर व नीमच अनुभाग की पूर्व एसडीएम डॉ ममता खेड़े ने कही।** मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल ने विगत दिनों प्रशासनिक अधिकारियों की तबादला सूची जारी की थी, जिसमें नीमच अनुभाग की पूर्व एसडीएम व वर्तमान संयुक्त





कलेक्टर डॉ ममता खेड़े का तबादला नीमच से प्रशासनिक अकादमी नरेन्हा भोपाल किया गया। उनके तबादले के बाद जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति ने 7 अगस्त (गुरुवार) को रात करीब 8 बजे एलआईसी चौराहा स्थित श्री परशुराम महादेव मंदिर परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया।

भगवान श्री परशुराम महादेव के अभिषेक पूजन के साथ विदाई समारोह की शुरुआत हुई। संयुक्त कलेक्टर डॉ ममता खेड़े, उनके पति शैलेंद्र खेड़े, कृति अध्यक्ष डॉ अक्षय पुरोहित, सचिव कमलेश जायसवाल मंचासीन हुए। स्वागत भाषण देते हुए कृति अध्यक्ष डॉ पुरोहित ने कहा कि डॉ खेड़े एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी के साथ एक उम्दा साहित्यकार हैं। आपका साहित्य व सृजन में योगदान अहम है। कुशल प्रशासक के साथ डॉ खेड़े एक संवेदनशील इंसान के रूप में नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रही हैं।




## हर घर तिरंगा, स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

### विधायक ने ग्राम अल्हेड में किया

**नीमच। विधायक मनासा श्री अनिरूध्द (माधव) मारू ने मनासा क्षेत्र के ग्राम अल्हेड में शुक्रवार को ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता उत्सव, स्वच्छता के संग'' शुभारम्भ किया गया। इसके तहत 15 अगस्त, 2025 तक प्रतिदिन ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।** 8 अगस्त को अभियान का शुभारंभ, 9 अगस्त से 11 अगस्त तक सामुदायिक स्वच्छता अभियान, 12 अगस्त को स्वच्छता दिवस, 13 अगस्त को संवाद एवं जागरूकता दिवस एवं 14 अगस्त से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन इस अभियान के तहत किया जावेगा।हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद पंचायत मनासा की 102 ग्राम पंचायतो में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ग्रामों में बच्चों द्वारा रैली निकाली।